भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 17.12.2024

# आरेडिका में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना रायबरेली के चिकित्सालय में दिनांक 17.12.2024 को आरेडिका चिकित्सालय द्वारा चरक हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, लखनऊ के सहयोग से एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ. ब्रिसाली (स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ) और डॉ. मनीष झा (हृदय रोग विशेषज्ञ) के द्वारा चिकित्सालय में आए 122 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

स्वस्थ शरीर बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, इसलिए समय–समय पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाता है । इस शिविर में कुल 81 मरीजों ने T3, T4, TSH, LFT, KFT, HbA1C, Lipid Profile और ECG जैसी जांचों का लाभ उठाया ।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य केवल परीक्षण करना नहीं, बल्कि लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति सजग बनाना है । इस अवसर पर प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने शिविर में आए चिकित्सकों को पौधे भेंटकर उनके उत्साह को बढ़ाया ।

आरेडिका रायबरेली के चिकित्साधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ इस शिविर में भाग लिया और इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया । यह स्वास्थ्य शिविर एक प्रतीकात्मक कदम है जो आरेडिका परिवार के लोगों में स्वस्थ जीवन जीने के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ाने का प्रयास करती है, जिससे वे अपनी सेहत को बेहतर बनाने के लिए उचित कदम उठा सकें ।

17/12/2024
(आर एन तिवारी )
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी